भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. 4954

जिसका उत्तर 25.03.2021 को दिया जाना है

हासन- सकलेशपुरा राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-75 का विकास

4954. श्री प्रज्जवल रेवन्ना:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-75 के कई वर्षों से लंबित हासन-सकलेशपुरा मार्ग खंड के कार्य की वर्तमान स्थिति क्या है और इतने लंबे समय से इसके लंबित रहने के क्या कारण हैं;

(ख) उक्त मार्ग खंड हेतु कितनी धनराशि आवंटित, जारी एवं खर्च की गई;

(ग) क्या सरकार ने उक्त मार्ग खंड का कार्य पूरा न करने के कारण संबंधित ठेकेदार को काली सूची में डाल दिया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) निर्धारित समयावधि में उक्त परियोजना को पूरा करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री
(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) और (ख): कर्नाटक राज्य में रारा-75 के हासन से मारनहल्ली खंड परियोजना को ईपीसी मोड पर शुरू किया गया है। वर्तमान में इसकी वास्तविक प्रगति 24 प्रतिशत है। इस कार्य में (i) मुख्य ठेकेदार मैसर्स आइसोलक्स कोर्सन इंडिया इंजीनियरिंग ऐंड कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड को माननीय एनसीएलटी द्वारा दिवालिया घोषित किया जाना, (ii) क्वायरी/माइनिंग की अनुमति में विलंब, (iii) कोविड-19 महामारी के कारण और (iv) घाट खंड में भारी वर्षा के कारण विलंब हुआ। इस सड़क कार्य के लिए आवंटित धन 573.92 करोड़ रु. है। अब तक, 125.51 करोड़ रु. का उपयोग किया गया है/जारी किया गया है।

(ग) और (घ): फर्म को काली सूची में नहीं डाला गया है, परन्तु माननीय एनसीएलटी द्वारा दिवालिया घोषित कर दिया गया है। चूंकि मूल ठेकेदार को दिवालिया घोषित कर दिया गया है इसलिए उप-ठेकेदार बचे हुए कार्य को जारी रखे हुए हैं।

*****